राजस्थान सरकार
शिक्षा विभाग

कार्यालय निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर ।

क्रमांक : एफ ( ) निकाशि/अनु/13–14/1285 दिनांक : 17.5.13

सूचना

विषय :– नवीन महाविद्यालय खोलने हेतु औपचारिकतायें पूर्ण करने सम्बन्धी अन्तिम नोटिस ।

विषयान्तर्गत लेख है कि वर्ष 2013–14 में नवीन महाविद्यालय खोलने हेतु विभिन्न संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे जिनका निदेशालय द्वारा परीक्षण कर लिया गया है, अधिकतर संस्थाओं द्वारा आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण नहीं करने से उनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व औपचारिकतायें पूर्ण करने हेतु निदेशालय द्वारा सम्बन्धित संस्थाओं को नोटिस जारी किये जा चुके हैं फिर भी अधिकांश संस्थाओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने/ औपचारिकतायें पूर्ण करने में असमर्थ रही है, जबकि नये सत्र में समय पर महाविद्यालय खोलने हेतु यह अतिआवश्यक था कि स्वीकृतियां समय रहते जारी हों ।

अतः नवीन महाविद्यालय खोलने हेतु आवेदन करने वाली समस्त संस्थाओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए 31 मई, 2013 तक समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करने का समय दिया जाता है । नियत अवधि में समस्त दस्तावेज जमा करवाने/ औपचारिकतायें पूर्ण नहीं करने वाली संस्थाओं के आवेदन पत्र शुल्क जब्त करते हुए दिनांक 01 जून, 2013 को निरस्त कर दिये जायेंगे ।

निदेशक

प्रतिलिपि –

श्री धीरेन्द्र देवर्षि, – कृपया विभाग की वेबसाइट पर upload करने का श्रम करें।

17/5/13